# स्वदेशीकरण की सूची में 109 और सैन्य उत्पाद शामिल होंगे

**ऐलान**

**लखनऊ, विशेष संवाददाता।** रक्षामंत्री व लखनऊ के सांसद राजनाथ सिंह ने कहा है कि स्वदेशीकरण के लिए रक्षा मंत्रालय जल्द ही 109 सैन्य उत्पादों की सूची जारी करेगा। ये उत्पाद केवल उन्ही कंपनियों से खरीदे जाएंगे जो देश में उनका निर्माण करती हैं।

राजनाथ सिंह रविवार को लखनऊ में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि वह सात अप्रैल को दिल्ली में 109 ऐसे सैन्य उत्पादों की एक सूची जारी करेंगे, जिनकी खरीदारी केवल ऐसी कंपनियों से की जाएगी, जो उनका उत्पादन भारत में करती हों। उन्होंने कहा कि मार्च में करीब 107 ऐसे उत्पादों की सूची जारी की गई थी, जिन्हें स्वदेशीकरण योजना में शामिल किया गया है। ये सैन्य उत्पाद हेलीकाप्टर, टैंक, मशीनगन, टी-90 टैंक, रडार, विध्वंसक पोत आदि बनाने में इस्तेमाल होते हैं। ये उत्पाद उन 2851 उत्पादों से अलग हैं, जिनके आयात पर पहले ही प्रतिबंध लगाया जा चुका है। उन्होंने कहा कि वह 9 अप्रैल को अमेरिका जा रहे हैं। वहां भी रक्षा उत्पादन कंपनियों से बातचीत का यही विषय रहेगा, कि वे भारत में आकर ही उत्पादन करें।

## हैदर कैनाल सड़क के निर्माण की प्रक्रिया जारी

राजनाथ सिंह ने कहा कि लखनऊ की हैदर कैनाल पर सड़क निर्माण की प्रक्रिया आगे बढ़ चुकी है। इसकी डीपीआर तैयार की जा चुकी है। उन्होंने कहा कि जल्द ही आउटर रिंग रोड का काम भी पूरा कर लिया जाएगा। इसके बाद लखनऊ-आगरा एक्सप्रेस वे से वाहन सीधे आउटर रिंग रोड के जरिए जुड़ जाएंगे। उन्होंने कहा कि जल्द ही कुर्सी रोड पर नए वाटर वर्क्स की शुरुआत के लिए कवायद जारी है। इस दौरान डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक, वरिष्ठ भाजपा नेता सुधांशु त्रिवेदी, पूर्व मंत्री आशुतोष टंडन, लखनऊ की महापौर संयुक्ता भाटिया, भाजपा महानगर अध्यक्ष मुकेश शर्मा, भाजपा मीडिया प्रभारी मनीष दीक्षित, भाजपा महानगर के महामंत्री पुष्कर शुक्ला व मीडिया प्रभारी प्रवीण गर्ग मौजूद थे।